(112)

प्रेषक,

प्रधानाचार्य,
राजकीय महिला पॉलीटेक्निक,
शामली (मुजफ्फरनगर)

सेवा में,

श्री दिनेश चन्द्र मिश्र,
जिलाधिकारी,
मुजफ्फरनगर ।

विषय :- नगरपालिका, शामली द्वारा राजकीय महिला पॉलीटेक्निक शामली को विक्रय की गई भूमि प्राविधिक शिक्षा विभाग के नाम करने विषयक ।

No-1041/स्था भूमि/प्रा0/99-2000 दिनांक 29/1/2000

महोदय,

कृपया, नगरपालिका, शामली के पत्रांक-382/पी0डब्लू0डी0/89-90 दिनांक 11.09.89 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नगरपालिका द्वारा इस संस्था को 40 बीघे भूमि 12/- प्रतिवर्गगज की दर से देने की सहमति व्यक्त की गई थी, जिसके आधार पर पूर्व जिलाधिकारी महोदय ने अपने पत्रांक-2442/बारह-ए0भू0व्य0स0 दिनांक 4.3.92 द्वारा प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को उक्त भूमि को 90 वर्ष के पट्टे पर देने के लिए रु0 16.00 लाख के प्रीमियम भुगतान एवं रु0 10,000.00 प्रतिवर्ष किराए के रूप में देने हेतु सूचित किया था । जिलाधिकारी महोदय के उक्त पत्र के आधार पर ही शासन द्वारा रु0 16.00 लाख के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा निदेशक प्राविधिक शिक्षा, कानपुर ने अपने पत्रांक-30695/ई-प्लान-म0 शामली दिनांक 30.09.93 द्वारा रु0 16.00 लाख का भुगतान बैंक ड्राफ्ट सं0-एच0सी/ए0-688830 दिनांक 15.9.93 द्वारा पूर्व जिलाधिकारी महोदय को प्राप्त कराया गया तदुपरान्त आपके कार्यालय द्वारा उक्त धनराशि नगरपालिका शामली को प्राप्त करा दी गई ।

उक्त के संदर्भ में अवलोकनीय है कि नगरपालिका द्वारा उक्त धनराशि तो प्राप्त कर ली गई किन्तु संस्था को जो भूमि मौके पर प्राप्त कराई गई उसका लिखित एग्रीमेन्ट तथा भूमि प्राविधिक शिक्षा विभाग के नाम अभी तक नहीं की गई ।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त भूमि लिखित रूप में प्राविधिक शिक्षा विभाग के नाम करने हेतु नगरपालिका, शामली को निर्देशित करने का कष्ट करें ।

भवदीय

(एल0के0 सिंह)
प्रधानाचार्य,
राजकीय महिला पॉलीटेक्निक
शामली (मुजफ्फरनगर)

पत्रांक 1042-43 /स्था0भूमि0प्रा0/99-2000 29/1/2000

प्रतिलिपि निम्नलिखित को इस संस्था के पत्रांक-1012 एवं 1013/भूमि0प्रा0 दिनांक 21.1.2000 के संदर्भ में पुनः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-

1. श्री सी0बी0 सिंह, उप-जिलाधिकारी, शामली ।
2. श्री विष्णु अवस्थी, अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका, शामली

(एल0के0 सिंह)
प्रधानाचार्य
राजकीय महिला पॉलीटेक्निक
शामली (मुजफ्फरनगर)